
पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शुक्रवार 20 दिसंबर, 2019

पेज 8

हमारा दून



सीएम त्रिवेंद्र राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी की कुशलछेम पूछते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### वन दारोगा के 316 पदों के लिए होगी भर्ती

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग वन दारोगा के 316 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। जिसमें सेवायोजन पंजीकरण के संदर्भ में राज्य सरकार के नए नियम व आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए लागू आरक्षण को भी शामिल किया गया है। ऑनलाइन आवेदन 23 दिसम्बर से शुरू होने जा रहे हैं। लिखित परीक्षा अगले साल अप्रैल में होगी। आयोग के सचिव संतोष बडोनी ने बताया कि आवेदन पत्र भरने से पूर्व अभ्यर्थियों को अपना ओटीआर भरना अनिवार्य है। इसके बाद ही वह अपना आवेदन पत्र भर सकेंगे। आवेदन पत्र भरने के लिए अब कॉमन सर्विस सेंटर को भी अधिकृत कर दिया गया है।

### टीएचडीसी डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर का आयोजन

**संवाददाता** ऋषिकेश। टीएचडीसीआईएल की सीएसआर गतिविधियों के तहत सामाजिक और पर्यावरण विभाग और सेवा–टीएचडीसी द्वारा टीएचडीसी डिस्पेंसरी में अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत एक रक्तदान शिविर का आयोजन ''चौखम्बा'' संस्था के माध्यम से व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, दून के सहयोग से किया गया। रक्तदान रक्तदान कार्यक्रम का उद्घाटन टीएचडीसी लेडिज वैलफेयर एसोशिएशन की मुख्य संरक्षिका सुनीता सिंह के द्वारा किया गया।

### तुलाज में 5वीं एनुअल स्पोर्ट्स डे मीट आयोजित

देहरादून। तुलाज इंटरनेशनल स्कूल ने आज स्कूल परिसर में 5 वीं एनुअल स्पोर्ट्स डे मीट का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शूटिंग चौंपियंस चंद्रो तोमर और प्रकाशी तोमर उपस्थित रहीं। इन बहनों की जोड़ी को शूटर दादी के नाम से भी जाना जाता है और हाल ही में इन दोनों को बॉलीवुड फिल्म सांड की आंखश में चित्रित किया गया था। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एथलीट सुरेश कुमार और प्रीतम बिन भी उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय एफीनिटी महोत्सव शुरू

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल डेंटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, देहरादून द्वारा तीन दिवसीय अंतरमहाविद्यालयी महोत्सव एफीनिटी का हुआ आगाज। संस्थान के निदेशक अरुण पांडे ने दीप प्रज्वलित कर स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को शुभारंभ किया। संस्थान में सर्वप्रथम सीमा डेंटल और हिमालय आयुर्वेद के बीच वालीबॉल मैच खेला गया, जिसमें सीमा डेंटल ने विजय प्राप्त की। सीमा डेंटल के डॉ0 अभिषेक दुबे ने बेहतरीन खेलते हुए अपनी टीम को विजय दिलाई।

# रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया में तेजी के निर्देश

**बैठक**

■ विभागीय अधिकारी कार्मिक विभाग में व्यक्तिगत रूप से आकर दिशा–निर्देश प्राप्त करें

देहरादून। **संवाददाता**

अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नियमावलियों के संबंध में किसी प्रकार की समस्या हो तो विभागीय अधिकारी कार्मिक विभाग में व्यक्तिगत रूप से आकर दिशा–निर्देश प्राप्त करें। अपर मुख्य सचिव, गुरूवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में सीधी भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा कर रही थीं। विगत नवम्बर माह में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक माह की 9, 19 व 29 तारीख को भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करने के निर्देश दिए थे। उसी क्रम में यह बैठक आयोजित की गई। इसमें उत्तराखण्ड राज्य लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग व तमाम विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि जिन विभागों में एकीकरण की प्रक्रिया की जानी है, वहां इसे जल्द से जल्द करते हुए रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अध्याचन राज्य लोक सेवा आयोग व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को प्रेषित करें। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि अध्याचन की प्रक्रिया में पहले से तेजी आई है, परंतु इसमें और शीघ्रता की आवश्यकता है। जिन विभागों को नियमावली संबंधी कारणों से अध्याचन भेजने में कठिनाई हो रही हो, वे शासन में कार्मिक विभाग में व्यक्तिगत रूप से मिलकर परामर्श प्राप्त कर लें। इसमें औपचारिक पत्राचार में समय नष्ट न करें। सभी विभागीय अधिकारी रिक्त पदों के अध्याचन भेजने को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लें।

### पशुधन को बढ़ावा देने के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में बताया

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एस.बी पाण्डेय ने पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन सुधार में किये गये कार्यों और जनपद में पशुधन को बढावा देने के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों–योजनाओं की प्रगति के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने अवगत कराया कि कृत्रिम गर्भाधान योजना के तहत सम्बन्धित पोर्टल पर कुछ अवशेष आंकड़े अपलोड किये जा रहे हैं, जिससे प्रगति में थोड़ी बढोतरी दर्ज होगी। उन्होंने सभी किसानों और पशुपालकों से पशुपालन विभाग के सहयोग से इसी तकनीक से गर्भाधान करवाने की अपील की।

# राज्य के विभिन्न स्थानों पर फिल्म शूटिंग की सम्भावनाएं तलाशी जाएंगी

**मुलाकात**

मुम्बई में फिल्म जगत की नामचीन हस्तियों ने सीएम त्रिवेन्द्र से की मुलाकात

मुख्यमंत्री ने फिल्मकारों का कण्डाली की जैकेट भेंट की

**संवाददाता**

देहरादून। मुम्बई में जाने माने फिल्मकारों ने उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मुलाकात की। इस अवसर पर उत्तराखण्ड में फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देने और राज्य की फिल्म नीति पर विस्तार से चर्चा की गई। जल्द ही फिल्मकारों का एक दल उत्तराखण्ड आएगा और विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर वहां फिल्म शूटिंग की सम्भावनाओं का जायजा लेगा। मुख्यमंत्री ने मिलने आए फिल्मकारों को उत्तराखण्ड में कण्डाली (बिच्छु घास) से बनी जैकेट भेंट की। सभी ने जैकेट की तारीफ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में प्राकृतिक रूप से उपलब्ध कण्डाली से जैकेट सहित बहुत सी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं। यह राज्य के युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर उपलब्ध करा सकती है। राज्य सरकार इसे लगातार प्रोत्साहित कर रही है।



मुम्बई में जाने माने फिल्मकार सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के साथ में।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में फिल्म इंडस्ट्रीज का आकर्षण भी काफी बढ़ा है। गत वर्ष राज्य में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में देशविदेश के फिल्म निर्माताओं द्वारा जो सुझाव दिये गये थे, उन्हें शामिल करते हुए फिल्म नीति 2019 लागू की गई। इसके साथ ही फिल्म जगत की बडी हस्तियों से संवाद कर उन्हें उत्तराखंड में फिल्म शूटिंग के लिए आमंत्रित किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा 66 वें राष्ट्रीय फिल्म फेयर अवार्ड्स में उत्तराखण्ड का चयन मोस्ट फिल्म फेंडली स्टेट के लिए किया गया है। राज्य सरकार की फिल्म नीति के कारण ही पिछले वर्ष 180 से अधिक फिल्मों की शूटिंग राज्य में की गईं, जो एक समर्पित क्षेत्र नीति का ही परिणाम है। बड़ी संख्या मे दक्षिण भारत व अन्य क्षेत्रों के फिल्मकार भी राज्य के प्रति आकर्षित हुए हैं। उत्तराखण्ड का प्राकृतिक सौन्दर्य फिल्मों के अनुकूल है। यहां का शांत माहौल, अपनत्व व भाई चारा फिल्म निर्माताओं को पसन्द आया है। उत्तराखण्ड को ओपन फिल्म स्टूडियो कहा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में फिल्म उद्योग को बढावा देने के लिए फिल्म शूटिंग शुल्क माफ कर दिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा फिल्मो की शूटिंग से संबंधित सभी औपचारिकताएं सिंगल विण्डो सिस्टम के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर पूरी की जा रही है। हमारा प्रयास है कि हम पर्यटन, फिल्म व्यवसाय व फिल्म उद्योग का समन्वय कर प्रदेश को विकास की नई दिशा की ओर लेकर चलें। देहरादून स्थित जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है। देहरादून देश के प्रमुख शहरों से हवाई सेवा से जुड़ चुका है। प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों को भी वायु मार्ग से जोडने का प्रयास किया जा रहा है।

### सीएम ने सांसद अनिल बलूनी से मुलाकात कर कुशलछेम पूछी

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुंबई में राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की कुशलक्षेम पूछी। मुख्यमंत्री ने बाबा केदार से उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना की और कहा कि सभी उत्तराखंडवासियों की कामना है कि बलूनी जी शीघ्र स्वस्थ होकर जनसेवा में अपना योगदान देंगे।

### नेशनल चैंपियनशिप में खेलेगी उत्तराखंड की वॉलीबाल टीम, हाईकोर्ट में पारित किए आदेश

**संवाददाता** देहरादून। हाई कोर्ट ने उत्तराखंड राज्य की वॉलीबाल टीम नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने के आदेश पारित किए हैं। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की एकलपीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए उत्तराखंड वॉलीबाल एसोसिएशन को अपना प्रत्यावेदन वॉलीबाल फेडरेशन को देने को कहा है, साथ ही फेडरेशन को प्रत्यावेदन मिलने के 48 घंटों के भीतर निर्णय लेने को कहा है, यदि फेडरेशन उत्तराखंड वॉलीबाल एसोसिएशन के खिलाफ आदेश पारित करता है तो इस पर इंडियन ओलंपिक संघ को तत्काल निर्णय लेना होगा। दरअसल 25 दिसंबर से दो जनवरी तक उड़ीसा में नेशनल चैंपियनशिप व चार से नौ फरवरी तक आंध्र प्रदेश में जूनियर चैंपियनशिप आयोजित हो रही है। जिसमें उत्तराखंड की टीम को प्रतिभाग के लिए नहीं बुलाया गया है। वॉलीबाल फेडरेशन द्वारा बुलावा न भेजे जाने को उत्तराखंड वॉलीबाल एसोसिएशन ने याचिका दायर कर चुनौती दी है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।